# शोर मचाने से मना करने पर बाइक सवार तीन युवक कर दी एक की हत्या



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। रिंग रोड के पास जमुनिया में शनिवार-रविवार की रात शोर मचाने से मना करने पर बाइक सवार तीन युवकों ने दो लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में एक व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। वारदात के बाद रविवार को स्वजनों ने एस.पी. कार्यालय में शव रखकर प्रदर्शन किया और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान उन्होंने सी.एस.पी. अजय राणा के सामने अपनी बातें रखी। पुलिस अधिकारियों ने मामले में उचित कार्रवाई की बात कही है। शनिवार देर रात को जमुनिया में मामूली विवाद में आरोपितों ने दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें मोहित उईके की मौत हो गई वहीं नरेंद्र को नागपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक जमुनिया में मोहित उइके ने बाइक सवार युवकों को शोर मचाने से मना किया। इस बात से नाराज होकर बाइक सवार युवकों ने बाइक पलटाकर दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां एक व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में नागपुर रेफर किया गया है। नरेंद्र उईके उम्र 23 वर्ष और मोहित उईके उम्र 19 वर्ष पर हमला हुआ था जिसमें मोहित उईके ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जबकि नरेंद्र उईके को गंभीर हालत में नागपुर रेफर किया गया है।

सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि घटना का मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है तथा आरोपियों को शीघ्र पकड़े जाने की बात भी कही है।

# ई-टैंडर से हुआ प्रथम चरण के शराब दुकान का ऑक्सन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वर्ष 2025-26 अर्थात् 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के प्रथम चरण में छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले के 06 एकल समूह-बस स्टेण्ड, फव्वारा चौंक, स्टेशन रोड, अमरवाड़ा, चौरई एवं पाण्ढुर्णा में सम्मिलित कुल- 61 कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर शासन द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य रूपये 3,10,96,90,282/- के विरूद्ध रूपये 3,13,85,32,995/- पर निष्पादन अन्तिम हुआ है। इस प्रकार शासन को उक्त 06 एकल मदिरा समूहों के लिये निर्धारित आरक्षित मूल्य से रूपये 2,88,42,713/- का अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है, जो कि वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य से 21.11 प्रतिशत अधिक है।

राज्य शासन के द्वारा वर्ष 2025-26 अर्थात् 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च, 2026 तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के प्रथम चरण में निष्पादन से शेष छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले की 56 कम्पोजिट मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के 03 एकल समूह-परासिया, जामई एवं सौंसर का वर्तमान वर्ष 2024-25 के वार्षिक मूल्य में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर निर्धारित आरक्षित मूल्य पर मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 47 दिनांक 14 फरवरी, 2025 के अध्यधीन निष्पादन ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) द्वितीय चरण के माध्यम से दिनांक 13 मार्च, 2025 को निष्पादन किया जाना है। एम.पी. टेण्डर्स के पोर्टल पर ऑनलाईन ई-टेण्डर प्रपत्रों का विक्रय 10 मार्च, 2025 से प्रारंभ हो गया है। जिला आबकारी कार्यालय, छिन्दवाड़ा से ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के लिये निर्धारित आवेदन पत्र एवं प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त कर 13 मार्च, 2025 को प्रात: 10:00 बजे तक आवेदन पत्र क्रय एवं जमा किये जा सकेंगे। जिसके लिये इच्छुक पात्र आवेदक (व्यक्तियों / फर्म / कम्पनी) को ई-आबकारी के पोर्टल पर ऑनलाईन फर्म/कम्पनी कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन कराया जाना अनिवार्य है।

कॉन्ट्रेक्टर रजिस्टर्ड इच्छुक पात्र आवेदक ही निष्पादन की कार्यवाही में भाग ले सकते है। वर्ष 2025-26 के लिये कम्पोजिट मदिरा दुकानों / एकल समूहों का ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) से संबंधित नियम एवं शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में सार्वजनिक अवकाशों सहित कार्यालय में उपस्थित होकर कर सकते है।



## सार समाचार

### 60वें अखिल भारती कवि सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरणों में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सुगम मानस मंडल की ओर से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी होलीकोत्सव धुरेंडी के सुअवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन स्थानीय पोला ग्राउंड दशहरा मैदान पर दिनांक 14 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को सायं 7.30 बजे आयोजित किया गया। इस सम्मेलन हेतु सभी काव्य प्रेमी बंधुओं, मातृशक्ति, युवा साथियों सहित बच्चों को भी आग्रह पूर्वक आमंत्रित किया गया है। मण्डल के द्वारा सभी नगरवासियों सहित जिलेवासियों को होलीकोत्सव की हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित की है। स्मरण रहे यह कवि सम्मेलन का 60 वॉ वर्ष है। कार्यक्रम के संयोजक रमेश पोफ्ली अधिवक्ता ने अपनी विज्ञप्ति में आगे बताया कि कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि छिंदवाड़ा जिले के जिलाध्यक्ष शीलेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय करेंगे। मंडल के अध्यक्ष निरपत सिंह टेखरे, घनश्याम कर्मवीर, कृपाशंकर राय सहित मंडल के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सफल बनाने की प्रार्थना की है। इस वर्ष कवि सम्मेलन में सुरेंद्र दुबे भिलाई छत्तीसगढ़ (हास्य व्यंग्य) शशिकांत यादव देवास म.प्र., मंजर भोपाली भोपाल म.प्र., सांड नरसिंहपुरी नरसिंहपुर म.प्र., विकास बोखल बाराबंकी उ.प्र., सुश्री रूचि चतुर्वेदी आगरा उ.प्र. एवं सुश्री श्रद्धा शौर्य नागपुर महाराष्ट्र प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर अपनी सर्वश्रेष्ठ रचनाओं के माध्यम से हसायेंगेए गुदगुदायेंगे।

### सांसद बंटी विवेक साहू ने सिंगोड़ी मंडल को दी 10 लाख की सौगात

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने सिंगोड़ी भाजपा मंडल के अंतर्गत 6 गांवों में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए अपनी सांसद निधि से 10 लाख स्वीकृत किये है। जिसके तहत ग्राम बांका मुकासा, चिमआ, तेंदनिमाल, बेरबन, मंदनगढ़ एवं सिंगोड़ी में विभिन्न निर्माण कार्य कराये जायेंगे।

उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू के सिंगोड़ी प्रवास के दौरान ग्रामीणों द्वारा उनके गांवों में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की गई थी। जिसके आधार पर सांसद बंटी विवेक साहू ने विधायक कमलेश शाहए भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव एवं सिंगोड़ी अध्यक्ष सोनू सरसवार की अनुशंसा पर ग्राम बांका मुकासा में चबूतरा निर्माण के लिए 5 लाख, गाम चिमआ में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, तेंदनिमाल में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम बेरबन में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख, ग्राम मंदनगढ़ में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख एवं सिंगोड़ी नागद्वारी चौक में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख की राशि स्वीकृत की है।

### वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई का होली मिलन आयोजित



छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई जिला छिंदवाड़ा ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान समारोह तथा फाग उत्सव के रूप में होली मिलन कार्यक्रम प्रस्तावित वैश्य भवन प्लाट पर आयोजित किया गया।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए महिला इकाई की जिलाध्यक्ष शुचिता राठी ने बताया कि कार्यक्रम उत्साहपूर्वक वातावरण में सम्पन्न हुआ। तहसील प्रभारी सोनिया नेमा ने बताया कि समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के कारण किरण सोनी, सविता पाटनी, सुधा सोनी, हर्षा टावरी, शिखा भारद्वाज, वर्षा जैन, मंजू नेमा, अनिता गुप्ता, प्रतिमा नेमा, दीप्ति साहू, याचना सोनी आदि महिलाओं का सम्मान किया गया। महिलाओ ने अपने अपने विचार रखे तथा संगठन को और आगे ले जाने का संकल्प लिया।

इसके पश्चात राधा कृष्ण के साथ सभी बहनों ने उत्साहपूर्वक रंग गुलाल के साथ नृत्य करते हुए होली खेली। झांकी ममता राठी, दुर्गा सुदा, श्वेता सुदा, शशि जाखोटिया, श्वेता अग्रवाल, श्वेता भारद्वाज द्वारा सजाई गई। कार्यक्रम में इनके अलावा नीतू साहू, रिंकी चौरसिया, भारती जैन, क्षमावाणी जैन, उपमा साहू, आशा राय, ज्योति राठी, प्रिया साहू, शिखा सोनी, लता साहू, अर्चना जैन, नेहा सोनी, उमा सोनी, स्वाति भारद्वाज तथा यामिनी सोनी आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने ई-ऑफिस प्रणाली का विधिवत किया शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के पत्र क्रमांक व्रष्ठ/५५/०१/०००२/२०२४-व्रष्ठ-९-०१, दिनांक 16 जनवरी 2025 के अनुपालन में कल 9 मार्च 2025 को जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, आई.ए.एस. द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कलेक्टर कार्यालय की ई-गवर्नेंस शाखा की फाइल को ई-ऑफिस के माध्यम से अनुमोदित कर जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक को मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारी (ष्ट्रद्बस्ह्र) नियुक्त करने के आदेश को डिजिटली हस्ताक्षरित किया। इस दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राजहंस गोंडाने और जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक अतुल शर्मा भी मौजूद थे। जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्टर कार्यालय की सभी शाखाओं में जल्द से जल्द ई-ऑफिस प्रणाली को लागू करने और सभी विभागीय कर्मचारियों से इस प्रणाली को अपनाने और इसके सफल क्रियान्वयन में सहयोग करने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के लागू होने से कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और गतिशीलता आएगी। यह प्रणाली फाइलों के त्वरित निस्तारण, कागज के उपयोग में कमी और प्रशासनिक कार्यों के सरलीकरण में सहायक होगी।

# पलास के फूलों से बना प्राकृतिक गुलाल का वन विभाग में किया जा रहा है विक्रय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पूर्व छिंदवाड़ा वनमण्डल के वन परिक्षेत्र छिंदवाड़ा अंतर्गत संचालित पी.व्ही.टी.जी. वन धन विकास केंद्र, सारना में भारिया जनजाति की महिला सदस्यों द्वारा कॉर्न स्टार्च, पलास एवं गुलाब के फूलों, हल्दी तथा गुलाब जल से पूर्णत: प्राकृतिक गुलाल तैयार किया गया है, जो कि 50 ग्राम व 100 ग्राम के पैक के अलावा गिफ्ट हैंपर के रूप में भी उपलब्ध है।

यह स्टाल स्थल वन वृत्त कार्यालय के सामने, खजरी चौक, जिला छिंदवाड़ा म.प्र से क्रय किया जा सकता है की उक्ताशय की जानकारी वन परिक्षेत्राधिकारी पंकज शर्मा द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है ताकि आम जनता इस योजना से निर्धारित स्थान से वाकिब हो सके और उसका लाभ भी उठा सके।




# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सम्मान कार्यक्रम



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वेदांत पब्लिक विद्यालय बीसापुरकला में विगत दिवस अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती पुष्पा कराड़े जनशिक्षक लिंगा एवं मोनिका भुसांकर का सम्मान विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलिमा धामनकर द्वारा तिलक लगाकर शॉल श्रीफल एवं पौधा भेंट कर किया गया। छात्राओं के माध्यम से स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्कूल डायरेक्टर ममता धामनकर ने अपने उद्बोधन ने कहा कि नारी समाज की मुख्य धुरी है।

समाज उत्थान में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आज हर क्षेत्र में महिलाएं अग्रसर है उन्होंने यह भी कहा कि महिला मां के रूप में बच्चों की प्रथम पाठशाला है, वर्तमान समय में आप अपने छोटे बच्चों को मोबाइल से दूर रखें, बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करे, शिक्षित कर देश के श्रेष्ठ नागरिक के रूप में विकसित करें। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी नीलम यादव का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन सहायक शिक्षिका कुमारी प्राची जैन के द्वारा गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक नारी का सम्मान का पर्यावरण के दृष्टिगत पौधे भेंट कर नई पहल के साथ किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति व सभ्यता की झलक भी देखने को मिली तथा सहभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। अंत में पधानाचार्य ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया।

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। दशहरा मैदान छिन्दवाड़ा में आटो चालक यूनियन की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जहां स्टैण्ड एवं अन्य मामलों में चर्चा की गई तथा ज्ञापन सौंपने की सहमति बनी**



# कॉम्बिंग गश्त : एक ही रात में 126 वारंटियों के साथ 2 आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रदेश स्तरीय रात्रि काम्बिंग गश्त के संबंध में पुलिस मुख्यालय भोपाल (म.प्र.) द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियो की निरंतर धरपकड़ व अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों/अपराधियों तथा अपराधों पर अंकुश लगाने व जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने व आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पांडे द्वारा विशेष ऑपरेशन चलाकर निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश पर छिंदवाड़ा में 08 मार्च 2025 को रात्रि में शहर व देहात के थाना क्षेत्रो पर कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान कॉम्बिंग गस्त अनुभागवार पुलिस बल को अलग-अलग स्थानो पर एकत्रित किया जाकर राजपत्रित अधिकारियों द्वारा पुलिस बल को ब्रीफ किया गया उसके बाद अलग-अलग क्षेत्रो में कॉम्बिंग गस्त के लिये रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा स्थायी गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ हेतु प्रत्येक थाने में अलग-अलग पुलिस टीम तैयार कर वारंटियो की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तकनीकी शाखा (सायबर सेल) के सहयोग एवं नाकाबंदी / दबिश देकर एक ही रात्रि में औचक नाईट काम्बिंग ऑपरेशन चलाकर 10 स्थाई व 116 गिरफ्तारी, इस प्रकार कुल 126 वारंटियो को दबिश/घेराबंदी/नाकाबंदी कर गिरफ्तार किया गया, सभी गिरफ्तारशुदा वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

जिलें में सर्वाधिक वारंट की तामीली के क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई सौरभ तिवारी के नेतृत्व में थाना चौरई द्वारा कांबिग गस्त के दौरान लगातार टीम गठितकर सर्वाधिक वारंट तामील किया गया जिसमें 15 गिरफ्तारी वारंट' तामील कर वारंटियो को गिरफ्तार किया गया व नगर पुलिस अधीक्षक (छिन्दवाडा) अजय राणा के नेतृत्व में थाना कोतवाली द्वारा गठित टीम ने 02 स्थायी व 10 गिरफ्तारी, कुल 12 वारंटियो को गिरफ्तार किया तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) परासिया जितेन्द्र सिंह जाट के नेतृत्व में थाना चांदामेटा द्वारा गठित टीम ने 01 स्थायी वारंट व 11 गिरफ्तारी वारंट कुल 12 वारंटियो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वाधिक वारंट तामीली एवं स्थायी वारंट तामील करने वाली पुलिस टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई हैं ।



आपराधिक गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियोध्जिले के गुंडा ध्निगरानी बदमाशएजिला बदर के अपराधियोंए जेल से रिहा आरोपियोंए कबाड़ियो को काम्बिंग ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीम द्वारा सघनता से चेक किया गया व गुम इंसानो ;व्यक्तियोंद्ध की दस्तयाबी की गईए जिसमें '125 गुंडा बदमाशए 92 निगरानी बदमाशए 03 जिला बदर के अपराधियोंए 21 जेल से रिहाए 52 कबाड़ियो' को चेक कर थाना रिकार्ड में इंद्राज किया गया तथा थाना क्षेत्र में विगत दिनो गुम हुए व्यक्तियों को पुलिस टीम द्वारा तलाश की गई जिसमें '02 गुम इंसान' को दस्तयाब किया गयाए अवैध शराब की तस्करीध् खुले स्?थान शराब पीने वाले '24 व्यक्तियों से 145 लीटर अवैध शराब' जप्त कर उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई ।

कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान आयुष पिता नरेश उइके उम्र 19 वर्ष एवं अंकित पिता रमेश उइके उम्र 19 वर्ष दोनो निवासी नोनिया करबल, छिंदवाड़ा जो क्षेत्र में अवैध रुप से धारदार चाकू रखकर आमजन मानस में दहशत का माहौल उत्पन्न करने की सूचना मिलने पर तत्काल थाना देहात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों को दबिश/घेराबंदी कर पकड़ा गया जिनके कब्जे से 02 नग धारदार चाकू जप्त कर उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही की गई।

पुलिस टीमों द्वारा इस अभियान के दौरान कई सक्रिय बदमाशो के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई साथ ही गुण्डों एवं हिस्ट्रीशीटरों के रिकार्ड को अपडेट किया गया। शहर व देहात क्षेत्र की गली मोहल्लो में घूमकर पुलिस ने गुण्डे बदमाश, जेल से रिहा आरोपियो की धरपकड़ की। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से यह कॉम्बिंग ऑपरेशन जारी हैं ।

पुलिस टीमों द्वारा गुण्डो एवं बदमाशों के घर . घर जाकर उनकी जानकारी ली गईए चैकिंग के दौरान प्रत्येक गुण्डाए बदमाश को चेतावनी भी दी गई कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता हैं तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जेल से रिहा होकर आये आरोपियो को भी चेक किया गया। अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही लगातार जारी है!

# ना तुम जीते न मैं हारा के तर्ज पर अमरवाड़ा में न्यायालय में लोक अदालत आयोजित



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार गत 08 मार्च 2025 को अमरवाड़ा न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन कार्यक्रम राकेश कुमार सोनी जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमरवाड़ा द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में समस्त न्यायाधीशगण, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, प्रवीण मर्सकोले, अपर लोक अभियोजक मनीष नेमा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी, अधिवक्ता अली रिजवी एवं अन्य अधिवक्ता सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

राकेश कुमार सोनी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमरवाड़ा की खंडपीठ में एक मोटर दुर्घटना प्रकरण में रूपये 13,25,000/- का आवार्ड पारित किया गया। एक वैवाहिक प्रकरण, 3 अन्य प्रकरण का राजीनामा के माध्यम से निराकरण हुआ।

संदीप कुमार पाटिल जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमरवाड़ा के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश अमरवाड़ा की खण्डपीठ में 13 विद्युत प्रकरण का राजीनामा के माध्यम से निराकरण हुआ।

तनवीर खान, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड अमरवाड़ा की खण्डपीठ में 02 आपराधिक शमनीय प्रकरणों, 04 चैक बाउंस प्रकरण, 23 वैवाहिक प्रकरण, 04 सिविल प्रकरण का निराकरण राजीनामा के माध्यम से किया गया।

सुरभि कटकवार व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड अमरवाड़ा की खण्डपीठ में 05 आपराधिक शमनीय प्रकरणो, 07 चैक बाउंस प्रकरणों, 04 सिविल, 04 एम.जे.सी. प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के माध्यम से किया गया।

नगर परिषद अमरवाड़ा द्वारा जलकर के 03 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल रूपये 1080/- सम्पत्तिकर के 04 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल रूपये 15,878/-, दुकान किराया 21 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल रूपये 1,41,327/- तथा बैंक के 09 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल रूपये 52,900/- विद्युत विभाग द्वारा 91 प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में कुल 7,07,208/- की वसूली की गई। इस तरह लोक अदालत का कार्यक्रम इस तर्ज पर संपन्न हुआ न तुम जीते न हम हारे। और इस विशेष कार्यक्रम में खण्डपीठ के अलावा अमरवाड़ा न्यायालय के अंतर्गत कार्य करने वाले सभी अधिवक्ताओं काविशेष सहयोग रहा।

# शासकीय विधि महाविद्यालय में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा मे अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. स्नेहा सिंह के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एव सुरक्षित मातृत्व अभियान पर व्याख्यान दिया। डॉ. स्नेहा सिंह ने कहा इतिहास गवाह है कि महिलाओं का जीवन कष्टों और कठिनाइयों से गुजरा है। कितनी अनोखी विण्डबना है नारी जिसने संसार को रचा है वही उसके अरमानों को उसके अस्तित्व को कुचला गया मानो नारी रूप में जन्म लेना उसके लिए श्राप बन गया। उसे कभी सती होने के लिए मजबूर किया गया तो कभी दांव पर लगाया गया, उसे कभी दहेज के लिए जलाया गया तो कभी हवस का शिकार बनाया गया। परंतु नारी फिर भी ना हारी और पूर्ण निष्ठा और आत्मविश्वास के साथ वह उठ कर पूरे संसार में अपनी सशक्ति का परचम लहराती हुई आगे बढ़कर अपना अस्तित्व स्थापित कर ही लिया।




आज कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ दमयंती कटरे ने किया। डॉ कटरे ने कहा महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है महिला और पुरुष में समानता लाना, महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करना और महिलाओं के प्रति सम्मान प्रशंसा एव प्रेम प्रकट करना। उन्होंने आगे कहा मैं भी छू सकती हूँ आकाश, बस मुझे भी है एक मौके की तलाश।। और जैसे ही उसे यह मौका मिला और उसने साबित कर दिया उसने पृथ्वी से लेकर अंतरिक्ष तक ली ऐसी उड़ान की सारा संसार देखते रह गया। विषय का संक्षिपत परिचय डॉ. कमलाकार मोटघरे ने देते हुए कहा कि अवसरों के अभाव में महिलाएं विकास की मुख्य धारा में पिछड़ गई थी। भारत का संविधान लागू होने के पश्चात अवसर की समता एवं अन्य मूल अधिकारों का उपयोग कर हर क्षेत्र में स्वयं को साबित किया तथा आज हमारे देश की प्रथम नागरिक के पद को सुशोभित कर रही है, यह सिद्ध करता हैं कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषो से पीछे नहीं है। हमें सदैव महिलाओं का सम्मान करना चाहिए एवं उन्हें अवसरों से वंचित नहीं करना चाहिए क्योंकि समाज की सभी समस्याओं का आधार असमान व्यवहार ही होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय में रांगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें राजकुमारी उइके ने प्रथम, वैष्णवी बेलसरे ने द्वितीय एवं पूजा श्याम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सार समाचार

### भारतीय बौद्ध महासभा ने दी पूर्व राज्यपाल अनसुईया उईके को महिला दिवस की बधाई



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक संगठनों के माध्यम से सर्वहारा अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं बहुजनों के सर्वांगीण उत्थान में अपना जीवन अर्पित कर देने वाली देश की महिलाओं की आदर्श छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके को उनके छिंदवाड़ा स्थित निवास पर भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश लोखंडे ने सौजन्य भेंट कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी।

सुश्री उइके ने सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनकर समाज व देश की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान देने एवं शोषण के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। श्री लोखंडे ने सुश्री उइके के उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने की शुभकामनाएँ की। पूर्व राज्यपाल सुश्री उईके द्वारा अपना अमूल्य समय समाज कल्याण एवं महिला आयोग में जाकर महिलाओं की स्थिति सुधारने में समर्पित किया जिसके लिए उन्हें संपूर्ण विश्व की महिलाओं के लिए आदर्श बताया ।

### जन अभियान परिषद ने किया 150 महिलाओं का सम्मान किया

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** समाज में महिलाओं को सम्मान के साथ गरिमामय स्थान मिले इसका हम सभी को प्रयास हमेशा करना चाहिए यह बातें म.प्र. जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के माध्यम से सी.एम.सी.एल.डी.पी. कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा में आज रविवार को बी.एस.डब्ल्यू. व एम.एस.डब्ल्यू. की क्लास में जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति के सहयोग से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल के बाल संरक्षण आयोग के सदस्य डॉणअभिलाष पांडे ने कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा एवं विशेष अतिथि महिला बाल विकास अधिकारी डॉ. हेमंत छेकर, जापान के नागोमा यूनिवर्सिटी की प्राध्यापक डॉ. शावको तनाका, सिंगापुर के वैज्ञानिक डॉ. चंद्रशेखर देखमुख, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद विनोद तिवारी, मुख्य वक्ता के रूप में खंड पंचायत अधिकारी दीपा पाटिल, यू.जी.सी. नेट, जी.ई.एफ. नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर वर्तमान में कमर्सियल टैक्स अधिकारी सुश्री स्वाती चंदेलकर मंचासिन थे एवं मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के परामर्शदाता सुश्री लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू सहित बी.एस.डब्ल्यू. व एम.एस.डब्ल्यू., प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था की महिला प्रतिनिधियों, शहर की समाजसेवी महिलाएं सहित गणमान्य जन उपस्थित थे। महिला दिवस पर



150 मातृ शक्तियों को अतिथियों के हस्ते सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाल आयोग के सदस्य डॉ. अभिलाष पांडे ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद विनोद तिवारी, सुश्री लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, निहाल कृष्ण मिश्रा, जयप्रकाश, आशीष को बाल संरक्षण की दिशा में अच्छे कार्य के लिए पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

## जय भीम सेना 20 अप्रैल को रैली के माध्यम से मनाएगी अम्बेडकर जयंती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जय भीम सेना सामाजिक संगठन की मिटिंग जिला कार्यालय मे आयोजित की गई जिसमे संगठन द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्व रत्न महामानव डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को है लेकिन जय भीम सेना संगठन 20 अप्रैल को शहर मे विभिन्न मार्ग से रैली के माध्यम से मनाया जाएगा साथ ही समाज के प्रतिभावान बच्चों और बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। संगठन में आज अंकुर रावण गोंड को जिला उपाध्यक्ष (अनु, जन.जाति) नियुक्त किया गया। उन्होने विश्वास दिया कि संगठन मे शोषित, वंचित और गरीब समाज के अंतिम व्यक्तियों के लिए पूर्ण विश्वास और निष्ठा से निरंतर काम करेंगे।

बैठक मे मुख्य रुप से शिवम पहाडे, राजकुमार खडसे, विजय मेहरा, मदन बरखाने, अंकर रावण गोंड, पप्पू मंडराह, राकेश पहाडे, राजा गुन्हेरे, मनीष मृदुलकर, अरविंद मोहबे, किशोर पवार सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



## वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष मीर जाहिद अली ने जानकारी दी है कि कल 09 मार्च दिन रविवार को एसोसिएशन की बैठक जनसंवाद भवन शिवनगर कालोनी, छिंदवाड़ा में संरक्षक पंडित राम शर्मा एवं बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पेंशनर्स मो. इसराईल खान द्वारा की गई। बैठक में 2025 की वार्षिक सदस्यता 10 लोगों ने ग्रहण की।

बैठक में 18 मार्च 2025 को प्रांतीय आव्हान पर एक दिन का धरना कार्यक्रम और जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को पेंशनरों की लंबित मांगो के संबंध में ज्ञापन सौंपने का प्रस्ताव पारित किया गया तथा सभी पेंशनरों से अपील की गई कि 18 मार्च 2025 समय दोपहर बाद 3 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित हो इसमें पेंशनरों के अन्य संगठनों को शामिल होने का भी अनुरोध किया गया है।

विदित हो कि वर्षो से लंबित मांगो के लिये प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के 45 जिलों में पेंशनरों की मॉगो का ज्ञापन सौंपा जायेगा। बैठक में प्रांतीय संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई



तथा जिन पेंशनरों के पेंशन प्रकरणों में समस्यायें आ रही हैं उन्हे संगठन में आवेदन देकर समस्याओं के निराकरण हेतु अनुरोध किया गया है। बैठक को टी.सी. तुरकर अध्यक्ष अभियंता संघ छिंदवाड़ा, उप प्रांताध्यक्ष के.एस. सेंगर ने संबोधित किया।

बैठक में प्रीतम सिंह कछवाह, सगीर अहमद, राजेन्द्र सिंह परमार, शहरलाल धुर्वे, जयरंजन सिंह राजपूत, शेख वहीद, अब्बास खान, आर.के. साखरे, एस.एल. पवार, बी.एल. सदाफ्ल, सोमेश्वर बोरकर, अहफाज हुसैन, असद अली, शेख मजीद, बी.एन. विश्वकर्मा, सैयद मुबारक, वकील खान, हंसराज अहिरवार, एम.टी. हरले, एन.आरण् चांदेकर, आर.एस. वर्मा, बी.आर. कुसराम आदि बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे ।

## ग्वालियर हैकाथॉन फाइनल्स तक पहुंचे छिन्दवाड़ा के संयम और जबलपुर के आदेश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला छिंदवाड़ा के संयम जैन ने महज 18 साल की उम्र में देशभर की 200 से ज्यादा टीमों को पीछे छोड़कर ग्वालियर हैकाथॉन के फाइनल्स तक पहुँचकर अपनी पहचान बनाई। इन दोनों भाईयों ने अपने स्टार्टअप हरिभरी के माध्यम से किसानों के लिए एक अनोखा डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया है, जो उन्हे आधुनिक कृषि तकनीकों, बाजार मूल्य की सटीक जानकारी और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद करता है। यह स्टार्टअप कृषि क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन लाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरंभ किए गए स्टार्टअप इंडिया और मेक इन इंडिया अभियानों से प्रेरणा लेते हुए इन युवाओं ने किसानों के लिए एक तकनीकी समाधान तैयार किया है, जिससे उन्हे सटीक कृषि जानकारी, स्मार्ट फार्मिक तकनीक और बाजार तक सीधी पहुँच मिल सके। हरिभरी का उद्देश्य प्रदेश और देशभर में किसानों की आय बढ़ाने और सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए एक ठोस व्यवस्था स्थापित करना है। ग्वालियर हैकाथॉन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव तक पहुँचने पर संयम औा आदिश ने दिखाया है कि नवाचार और समाजसेवा का अद्भुत संगम संभव है ।

## चैत नवरात्र को लेकर मां दुर्गा गणेश सेवा समिति की बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** माँ दुर्गा गणेश शनि सेवा समिति श्री श्री सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर पी.डब्लू.डी. परिसर शिवनगर कालोनी में चैत्र नवरात्रि 2025 पर्व हेतु समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह बैस की अध्यक्षता में सम्प्पन हुई। बैठक में आगामी नवरात्रि पर्व मनाने हेतु रूप रेखा तैयार की गई और यह निर्णय लिया गया कि 30 मार्च 2025 दिन रविवार से प्रारंभ इस पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किये जाएंगे जिस श्रद्धालु को मनोकामना ज्योति कलश स्थापित करना हो वो मंदिर के पुजारी से सम्पर्क कर अपना नाम लिखवा सकते है।

समिति अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मार्च दिन रविवार को गणेश एवं मंडल



पूजन सुबह 10:30 बजे से ओर शाम 6 बजे घट स्थापना ज्योति पूजन की जाएगी। 2 अप्रैल दिन बुधवार को 10:30 बजे पंचमी पूजन, 5 अप्रैल दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे से हवन ओर हवन के उपरांत कन्या भोज किया जाएगा। 6 अप्रेल दिन रविवार को दोपहर 12 बजे रामजन्म उत्सव ओर शाम 5 बजे घट विसर्जन किया जाएगा उसके उपरांत भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु भक्तगण दर्शन कर ओर आरती में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें। प्रतिदिन आरती का समय सुबह 08 बजे ओर शाम 08 बजे रहेगा।

बैठक में पंडित राम शर्मा, धनराज यादव, चुन्नीलाल खुराना, देवेंद्र अग्निहोत्री, विनोद पूरी, दिनेश शुक्ला, कृष्णा राव ताठे, अनिल शुक्ला, कामता प्रसाद गोलू, राजकुमार उइके तथा अम्बिका प्रसाद मिश्रा, सुरेंद्र दुबे मंदिर पुजारी उपस्थित थे तथा कलश स्थापना के संबंध में चर्चा हुई।

## मप्र वन कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ की जिला इकाई गठित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मप्र वन कम्प्यूटर आपरेटर संघ भोपाल के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में संगठन में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक बैठक आहूत की गई तथा सर्वसम्मति से संवाद सदन वनवृत्त छिन्दवाड़ा में बैठक के उपरांत निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न की गई जहां वन वृत्त के अंतर्गत सभी आपरेटर उपस्थित थे।

निर्वाचन अंतर्गत बृजेश परिहार अध्यक्ष, इमरान खान उपाध्यक्ष, देवेन्द्र यादव उपाध्यक्ष, राकेश शर्मा सचिव, कमल जैन मीडिया प्रभारी, अजय नेमा संरक्षक एवं मार्गदर्शक बनाऐं गए। बैठक में अजय नेमा, राजेश शर्मा, सचिन देशमुख, अरविंद तिवारी, जितेन्द्र ठाकुर, अनिल चरपे, प्रवीण किंकर



सहित लगभग 34 सदस्य उपस्थित थे।

बता दें कि वन कम्प्यटर्स आपरेटर संघ लगातार शासन की उपेक्षा का शिकार रहा है। कई वर्षो से लगातार काम करने के बाद भी वन विभाग के आला अफसर उनके हक और अधिकारों पर ध्यान नहीं दिया जिसके कारण प्रदेश एवं संभागीय इकाई के साथ साथ जिला इकाईयों का गठन किया गया है ताकि म.प्र. सरकार एवं वन विभाग के मुखिया से अपने हक और अधिकारों की मांग कर सके। निर्वाचन उपरांत राजेश शर्मा ने नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाऐं प्रेषित की है।

## गुढ़ी अम्बाड़ा की जामा मस्जिद और मदीना मस्जिद स्याल में कराया जा रहा रोजा इफ्तार

**गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु।** रमजान के रोजे में इफ्तार की बड़ी अहमियत है जिसको देखते हुए अधिकतर मुस्लिम परिवार एक दूसरे के घर शाम होते ही अफ्तारी की प्लेटे सजाकर भेजते हैं रोजा इफ्तार करवाने वालों के सवाब के बारे में पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि जिसने रोजेदार को रोजा इफ्तार करवाया उसे भी उतना ही सवाब मिलेगा जितना रोजेदार के लिए होगा और रोजेदार के सवाब में भी कोई कमी भी नहीं होगी सूरज डूबने के बाद रोजा इफ्तार किया जाता है, इफ्तार के समय दुआएं कुबूल होती है। पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ताजा खजूर से रोजा इफ्तार करते थे अगर ताजा खजूर ना मिले तो खारक, सुखी खजूर या चंद घूट पानी से रोजा इफ्तार किया करो। इसी क्रम में रमजान-उल-मुबारक के महीने में गुढ़ी अम्बाड़ा की जामा मस्जिद और मोहन कॉलरी सियाल की मदीना मस्जिद में भी रोजा इफ्तार कराया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदार हाजिर रहकर रोजा इफ्तार कर रहे हैं।